सोमवार

07 नवम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



श्रीराममय हुआ बक्सर बनेगा विश्व कीर्तिमान 5



## छोटी खबरें

### पटना में नाबालिग का शव बरामद

**पटना।** पटना के दानापुर शाहपुर थाना क्षेत्र के गुड़गांवा से पुलिस ने नहर से नाबालिग युवक का शव बरामद किया है। मृतक युवक अपने घर से शनिवार को घर से निकला तो फिर वापस नहीं लौटा रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक का शव नहर में तैर रहा है। पुलिस ने युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर थाना क्षेत्र के गुड़गांव गांव से 17 वर्ष का बंधन कुमार शनिवार को घर से निकला तो वह वापस नहीं लौटा था। बंधन कुमार के परिजन उसे दिन भर खोजते रहे। रविवार की शाम परिजनों को सूचना मिली कि बंधन कुमार का शव गांव के नजदीक एक नहर में तैर रहा है। आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना शाहपुर थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पटना में दो घरों में भीषण चोरी

**पटना।** पटना के बाइपास थाना क्षेत्र के बेगमपुर जैन मंदिर के नजदीक रविवार की सुबह 3:00 बजे चोरों के एक गिरोह ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में चोरों ने घर के सभी कमरों में घुसकर घर में रखे गए सोने चांदी के जेवरात पीतल के बर्तन और कीमती कपड़ा ले उड़े। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने चोरों को खदेड़ दिया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर वहां से भागने में सफल हो गए। इस बीच भागने के क्रम से चोरों ने अपने चप्पल वहां छोड़ दिए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरों के चप्पल को बरामद किया है और मामले की छानबीन में जुट गई है।


### पटना में नशा मुक्ति के लिए दौड़ का आयोजन

**पटना।** पटना में हजारों लोगों ने नशा के विरोध में अपनी एकजुटता दिखाई। पटना में नशा मुक्ति के लिया हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन 10 किमी तक आयोजित किया गया। इस मैराथन में 1000 लोगों ने दौड़ लगाई। यह मैराथन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना, मध निषेध उत्पाद और निबंधन विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में पटना के गांधी मैदान में 'नशामुक्त बिहार दौड़' का आयोजन किया गया था। इसमें हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया। आईपीएस वंदना प्रियदर्शी ने इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गांधी मैदान से शुरू हुई इस मैराथन दौड़ में लगभग 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। सफल आयोजन के लिए इसमें 50 तकनीकी पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति किया गया था।

# गोपालगंज व मोकामा उपचुनाव में भाजपा व राजद अपनी सीट बचाने में कामयाब

■ मोकामा में अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी व गोपालगंज में भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी ने दर्ज की जीत

**केटी न्यूज/पटना**



गोपालगंज और मोकामा विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा और राजद अपनी-अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे हैं। हालांकि, वर्ष 2020 के चुनाव की तुलना में दोनों ही पार्टियों की जीत का अंतर कम हुआ है। मोकामा में राजद प्रत्याशी व बाहुलबी पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी ने भाजपा उम्मीदवार सोनम देवी को 16 हजार 741 मतों से पराजित किया है। वहीं, गोपालगंज में दिवंगत पूर्व विधायक सुभाष सिंह की पत्नी व भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी ने राजद उम्मीदवार मोहन गुप्ता को 1794 मतों से हराया है।

वर्ष 2020 चुनाव की बात करें तो मोकामा में राजद विधायक अनंत सिंह ने जदयू को करीब 35 हजार मतों से हराया था। इस बार यह जीत का अंतर कम हो गया है। उसी तरह 2020 में गोपालगंज में भाजपा प्रत्याशी सुबाष सिंह ने बसपा के अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव को 36 हजार से अधिक मतों से हराया था। इस तरह गोपालगंज में भी जीत का अंतर पिछली बार की तुलना में काफी कम हो गया है। मालूम हो कि वर्ष 2020 में जदयू और भाजपा एक गठबंधन में थे। इस बार के उपचुनाव में जदयू और राजद साथ है। वर्ष 2020 में महागठबंधन के तहत गोपालगंज से कांग्रेस मैदान में थी, जिसे तीसरे स्थान प्राप्त संतोष करना पड़ा था। वहीं, मोकामा में 2020 में राजद और जदयू एक दूसरे के खिलाफ मैदान में थे।

वहीं, मोकामा में महागठबंधन से राजद प्रत्याशी नीलम देवी को कुल 79 हजार 744 मत मिले, जबकि एनडीए से भाजपा प्रत्याशी को 63 हजार तीन मत मिले। तीसरे नंबर पर नोटा रहा। नोटा पर बटन दबाने वालों की संख्या 2470 है। अन्य चार प्रत्याशियों को काफी कम वोट मिले हैं। इनमें राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के उपेंद्र सहनी को 1709, निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार को 1133, धीरज कुमार मालाकार को 529 तथा लालू प्रसाद यादव को 644 मत मिले हैं। वर्ष 2020 में मोकामा से राजद प्रत्याशी अनंत कुमार सिंह को 78 हजार 721 मत मिले थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी जदयू उम्मीदवार राजीव लोचन को 42 हजार 964 मत प्राप्त हुए थे।

**गोपालगंज में भाजपा की पांचवीं बार जीत :** भाजपा को गोपालगंज में लगातार पांचवीं बार जीत मिली। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी के दिवंगत पति व सहकारिता मंत्री रहे सुबाष सिंह यहां के विधायक थे। उनके निधन के बाद उपचुनाव हुआ जिसमें कुसुम देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के मोहन प्रसाद गुप्ता को 1794 मतों से हरा दिया। भाजपा उम्मीदवार कुसुम देवी को 70053 मत मिले, जबकि राजद के मोहन प्रसाद गुप्ता को 68259 मत मिले। वहीं, इस उपचुनाव में एआईएमआईएम तीसरे और बसपा चौथे स्थान पर रही।

मोकामा में अनंत सिंह के परिवार का रहा है दबदबा

मोकामा विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक अनंत सिंह के परिवार का दबदबा रहा है। अनंत सिंह मोकामा विधानसभा सीट से वर्ष 2005 से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। दो बार जदयू, एक बार निर्दलीय और पिछली बार 2020 में राजद से चुनाव जीते। इससे पहले एक बार वर्ष 2000 में सूरजभान सिंह यहां से निर्दलीय चुनाव जीते थे। उससे पहले वर्ष 1990 और 1995 में अनंत सिंह के बड़े भाई दिलीप सिंह यहां से जनता दल से चुनाव जीते थे। अनंत सिंह की सदस्यता रद्द होने के बाद 2022 में हुए उपचुनाव में उनकी पत्नी नीलम देवी ने यहां से जीत दर्ज की है।

# पारदर्शिता : दाखिल-खारिज की नई व्यवस्था

# पिक एंड चूज की जगह लागू होगा 'फीफो'

## ऑनलाइन दाखिल-खारिज के मामलों में अब नहीं चलेगी अंचल कर्मियों की मनमानी

**केटी न्यूज/पटना**

सूबे में अब ऑनलाइन दाखिल-खारिज के नियमों में अब बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब जमीन के दाखिल- खारिज की प्रक्रिया अब और पारदर्शी हो जाएगी। अब तक ऑनलाइन दाखिल-खारिज के मामलों में अंचल कर्मियों की ही मनमानी चलती थी। लेकिन नई व्यवस्था के लागू होने के बाद अब मनमानी नहीं चलेगी। अभी तक ऑनलाइन दाखिल-खारिज 'पिक एंड चूज' का नियम से होता था। जिसमे अंचल कर्मियों की खूब मनमानी चलती थी। इसी मनमानी को रोकने के लिए जल्द फीफो लागू होगा। पिक एंड चूज का मतलब है अपने मन से किसी का चुनाव। इसके तहत दाखिल-खारिज के आए आवेदनों में से अंचल कर्मी अपने मन से किसी के भी आवेदन के आधार पर म्युटेशन का काम करा सकते हैं। इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई कई महीने किसी की बारी ही नहीं आती थी। लोगों को ये पता ही नहीं चलता था की उनकी बारी कब आएगी।





### दोषी पाए जाने पर अंचल कर्मी पर होगी कठोर करवाई

इसके बाद भी अगर कोई अंचल कर्मी इस मामले में दोषी पाए जाते है तो उनपर कठोर विभागीय करवाई की जाएगी। मंत्री ने अंचल कर्मियों को निर्देश दिया की कोर्ट के आदेश के बाद वासभूमि खाली कराने से पहले भूमिहीनों के लिए वैकल्पिक आवास की व्यवस्था करें।साथ ही साथ उन्होंने 37391 चिह्नित वासभूमि विहीन परिवारों को चालू वित्तीय वर्ष में आवास की भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### पहले आओ पहले पाओ की होगी व्यवस्था

फीफो का मतलब फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट। यानी पहले आओ पहले पाओ।यह व्यवस्था लागू करने के बाद म्युटेशन के जो आवेदन पहले आएंगे उसका निपटारा पहले करना अंचल कर्मियों के लिए अनिवार्य होगा। इससे अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारी और डाटा इंट्री ऑपरेटर जैसे अंचल कर्मी म्युटेशन के मामलों में पीक एंड चूज नहीं कर पाएंगे। नए व्यवस्था फीफो को लागू करने के लिए पहले ट्रायल के लिए कुछ जिलों के कुछ अंचलों का चुनाव किया गया है।

इनमें हाजीपुर, समस्तीपुर, नवादा, भागलपुर और सीवान के कुछ अंचल को चुना गया है।

इस अंचलों से प्राप्त इनपुट के आधार पर इसे पूरे बिहार के सभी जिलों में इसको लागू किया जाएगा।

पूरे बिहार के 534 अंचलों में पहले लगभग 35 से 40 अंचलों में इसको लागू किया जाएगा।

### अस्वीकृती का कारण विस्तार और लिखित से बताया जाएगा

बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता ने वरीय अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। काफी विचार-विमर्श के बाद आलोक कुमार मेहता ने यह फैसला लिया।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी कारण से किसी का आवेदन अस्वीकृत करने पर अस्वीकृती का कारण विस्तार से और लिखित रूप में उस आदमी को बताया जाए। साथ ही, अस्वीकृत करने से पहले जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए आवेदक को एक मौका भी दिया जाए।

आलोक कुमार मेहता ने बताया कि ऐसी शिकायत मिल रही थी की अंचल अधिकारी बिना कारण बताए आवेदन अस्वीकृत कर रहे हैं। इसी को दूर करने के लिए अब ये फैसला लिया गया है।


## गोपालगंज में हार के बाद भड़की रोहीणी आचार्य, मामा साधु को बताया कंस

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार उपचुनाव के नतीजे रविवार को घोषित हो गए। उप चुनाव के रिजल्ट के मुताबिक मोकामा में महागठबंधन तो गोपालगंज में एनडीए ने जीत दर्ज की। अनंत सिंह के गढ़ कहे जाने वाले मोकामा में उनका जादू बरकार रहा, नीलम देवी ने करीब 16 हजार से ज्यादा मतों से जीत दर्ज की। वहीं गोपालगंज में कड़े मुकाबले के बाद भाजपा प्रत्याशी कुसुम देवी ने करीब 1700 वोटों से राजद के मोहन गुप्ता को मात दी। परिणाम आने के बाद अब सियासी बयानबाजी भी शुरू हो गई है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ ही उनबीजेपी के वोटबैंक में महागठबंधन ने की सेंधमारी

गोपालगंज और मोकामा उपचुनाव के परिणाम आने के बाद उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने गोपालगंज और मोकामा की जनता को धन्यवाद दिया है। साथ ही कहा है कि गोपालगंज में 2020 में राजद 40 हजार वोटों से हारा था। लेकिन इस बार बीजेपी के लिए सहानुभूति होने के बाद भी 1700 वोटों से हारे हैं। तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि महागठबंधन के लोगों ने बीजेपी के कोर वोट वोटरों में सेंध मारने में कामयाबी हासिल की है। की बहन रोहिणी आचार्य ने प्रतिक्रिया दी है।

**रोहिणी ने मामा साधु को**



**बताया कंसः** गोपालगंज तेजस्वी यादव का गृह जिला है। लिहाजा वहां से जीत पक्की करने के लिए महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंकी थी। लेकिन कड़े मुकाबले के बाद राजद को 1794 वोट से हार का सामने करना पड़ा।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि गोपालगंज में तेजस्वी के मामा साधु यादव और ओवैसी की पार्टी ने पूरा खेल बिगाड़ दिया।साधु यादव की पत्नी इंदिरा यादव को 8854 वोट मिले जबकि ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम के प्रत्याशी को 12214 वोट मिले हैं। सियासी जानकारों का कहना है कि साधु यादव और ओवैसी की पार्टी ने गोपालगंज में राजद का खेल खराब कर दिया। जिसके बाद लालू यादव की बेटी रोहिणी ने ट्वीट को अपने मामा को कंस बताया है। रोहिणी के ट्वीट के बाद कई तरह की प्रतिक्रियाएं भी यूजर्स दे रहे हैं।

## ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से अब उनकी राय लेगा बीपीएससी

❑ अभ्यर्थियों की राय से तय किया जाएगा निगेटिव मार्किंग का स्वरूप

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 68वीं परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का स्वरूप कैसा हो, यह अभ्यर्थियों की राय से तय किया जाएगा। बीपीएससी आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से उनकी राय लेगा। इसमें तीन विकल्प दिए जाएंगे, जिस विकल्प को सर्वाधिक स्वीकार किया जाएगा, उसे निगेटिव मार्किंग के लिए लागू कर दिया जाएगा। किस स्वरूप को लागू किया जाना है, इसकी सूचना बीपीएससी की ओर से आनलाइन आवेदन की तिथि संपन्न होने के बाद दी जाएगी। आयोग की ओर से 68वीं बीपीएससी में 50 स्टार मार्किंग प्रश्नों के अधिक अंक व निगेटिव मार्किंग की भी बात कही गई थी, जिस पर अभ्यर्थियों की ओर से विरोध दर्ज कराया गया था। अब निगेटिव मार्किंग को लेकर आयोग की ओर से नए सिरे से तैयारी की जा रही है। परीक्षा की अधिसूचना अब अगले सप्ताह में जारी हो सकती है। आयोग के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने बताया कि निगेटिव मार्किंग के प्रविधान लागू होंगे। इसके स्वरूप को लेकर अभ्यर्थियों को तीन विकल्प दिए जाएंगे। जिस पर उनका सर्वाधिक मत होगा, उसे लागू कर दिया जाएगा।

आयोग की बैठक बीते सप्ताह हुई, जिसमें इसमें विभिन्न परीक्षाओं को लेकर स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रक्रिया (एसओपी) पर विमर्श किया गया, जिस पर आगे कार्य किया जाएगा। आयोग के सचिव सह परीक्षा नियंत्रक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि आयोग को 281 पदों के लिए परीक्षा का प्रस्ताव मिल चुका है। इसमें आठ पद पुलिस उपाधीक्षक के लिए हैं। इसके अतिरिक्त कमर्शियल टैक्स अधिकारी के सात, सहायक निर्वाचन के आठ, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के 40, आरडीओ के सात, उत्पाद अधिकारी के 20, प्रखंड अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण अधिकारी के 60, प्रखंड राजस्व अधिकारी के 39 सहित 280 पदों के लिए नियुक्तियां की जाएंगी।

## राम मंदिर निर्माण में बिहार के 18-25 फीसद मजदूर

**पटना।** अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर का निर्माण 2024 में पूरा हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण में लगे मजदूरों में 18 से 25 प्रतिशत मजदूर बिहार के विभिन्न हिस्से से पहुंचे हैं। जून 2022 में मंदिर निर्माण में 12 सौ मजदूर कार्यरत थे। इसमें तीन सौ मजदूर बिहार के रहने वाले थे। वहीं अक्टूबर में लगभग साढ़े तीन सौ मजदूर मंदिर परिसर में कार्यरत है। इसमें 76 मजदूर बिहार के रहने वाले हैं। हालांकि, मंदिर निर्माण का काम अयोध्या से लेकर राजस्थान तक हो रहा है। इसमें सबसे प्रमुख पत्थर की कटाई है। जिसमें अलग-अलग जगहों पर इंजीनियर से लेकर तकनीकी कर्मचारी काम कर रहे हैं।

## पटना विश्वविद्यालय में 19 को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए आज से नामांकन

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय में 19 नवंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए पटना विवि के सीनेट हॉल में व्यवस्था की गयी है। छात्र सात, नौ व दस नवंबर की शाम तीन बजे तक नामांकन फॉर्म जमा करा सकेंगे। आठ नवंबर को छुट्टी होने के कारण नामांकन नहीं होगा। इसके बाद 11 नवंबर को 11 बजे से स्क्रूटनी होगी। उम्मीदवारों की सूची 11 नवंबर शाम पांच बजे जारी की जाएगी। 12 नवंबर की शाम 3:30 बजे तक ग्रीवांस रिडरेशन सेल की बैठक होगी। सेल से असंतुष्ट रहने पर उम्मीदवार कुलपति ऑफिस में 12 नवंबर की शाम छह बजे तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उम्मीदवारों की फाइनल सूची 14 नवंबर शाम छह से सात बजे के बीच जारी कर दी जाएगी। 14 नवंबर शाम 3:30 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। 19 नवंबर को आठ से दो बजे तक वोट डाले जाएंगे।

## ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के लिए पिंक एक्टिविटीज का आयोजन

# महिलाओ में होने वाले प्रमुख कैंसर में से एक स्तन कैंसर

● 400 लोगों ने पिंक एक्टिविटीज में भाग लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी के पाटलिपुत्र कॉलोनी में आज ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के लिए पिंक एक्टिविटीज का आयोजन किया गया। सन हॉस्पिटल पाटलिपुत्र द्वारा आयोजित ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेश में सर्वप्रथम पिंक वाक एवं पिंक रन का आयोजन हुआ। यह पिंक रन हॉस्पिटल परिसर से शुरू होकर साई मंदिर होते हुए पाटलिपुत्र गोलम्बर पर समाप्त हुआ। साथ ही,



सभी ने ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के संदेशों से पिंक कलर के बैलून को उड़ाकर कैंसर से बचने का संदेश दिया। करीब 400 लोगों ने इस पिंक एक्टिविटीज में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार गोस्वामी ने बताया की स्तन (ब्रेस्ट) में कोई भी गांठ होने पर जो दर्द रहित हो तुरंत डाक्टर से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि दर्द नहीं होने पर लोग किसी भी लक्षण को नजरअंदाज करते है और शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज करते हुए जब तक चिकित्सक के पास पहुंचते हैं तब तक गांठ अधिकतर कैंसर के दुसरे या तीसरे स्टेज में पहुंच चुका होता है, इसलिए समय समय पर स्व परिक्षण करते रहें और किसी भी तरह के असामान्य लक्षण को तुरंत डाक्टर के पास ले जायें।

वहीं, पिंक वॉक की समाप्ति पर बिहार के वरिष्ट आईपीएस आलोक राज ने ब्रेस्ट कैंसर जागरुकता के संदेशों से सजी पिंक कलर के बलून को उड़ाकर कहा कि समाज के लिए ऐसे जागरुकता कार्यक्रम की निरंतर आवश्यकता है। जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश जा सके। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रूमा गोस्वामी ने कहा को स्तन कैंसर महिलाओ में होने वाले प्रमुख कैंसर में से एक है,और साल भर में लगभग 17 लाख महिलाएं इससे प्रभावित होती हैं। परन्तु प्रारंभिक अवस्था में पता चलने पर उचित उपचार से काफी हद तक इसे ठीक किया जा सकता है। वाक के बाद जागरूकता संदेश को लेकर निकली कार रैली को वरिष्ठ आइ पी एस श्री विनय कुमार(डी जी बिहार पुलिस)ने रवाना किया और कहा कि जनमानस को आगे बढ कर अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है जिसमें इस प्रकार के कार्यक्रमों का काफी योगदान है।

# लोगों में आक्रोश : आरोपितों को फांसी व व्यवसायी के परिजनों को पचास लाख मुआवजा की मांग

- आभूषण कारोबारी हत्याकांड के खिलाफ आरा बंद, विरोध मार्च
- व्यवसायियों की सुरक्षा की गारंटी व आर्म्स के लाइसेंस देने की भी उठी मांग



**केटी न्यूज/आरा**

शहर के रहने वाले आरा-पटना के प्रतिष्ठित आभूषण कारोबारी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता के अपहरण और हत्या के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है। हत्या के खिलाफ रविवार को व्यवसायी संघर्ष मोर्चा सहित विभिन्न संगठनों को लोग सड़क पर उतर गये। इस दौरान बाजार बंद,विरोध मार्च और पुतला दहन किया गया। इसे लेकर पूरे शहर में सुबह से ही अफरातफरी और गहमागहमी बनी। व्यवसायी संघर्ष मोर्चा के आह्वाहन पर आहूत आरा बंद को लेकर रविवार सुबह ही लोग सड़क पर उतर गये। इस दौरान पूरे शहर में प्रदर्शन किया गया। और घूम-घूमकर दुकानों को बंद कराया गया। हालांकि शहर की अधिकतर दुकानें और बड़े प्रतिष्ठित स्वतः बंद रहे। प्रदर्शन और बाजार बंद में शामिल व्यवसायी सहित लोग सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल चलाते हुए फांसी की सजा देने, व्यवसायी के परिजनों को पचास लाख रुपए का मुआवजा देने, व्यवसायियों की सुरक्षा की गारंटी के साथ हथियार के लाइसेंस देने की मांग की जा रही थी। प्रदर्शन और बंद में व्यवसायी संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंद्रभानु गुप्ता, अशोक शर्मा, डा. विजय गुप्ता, दीपक अकेला, राज किशोर शर्मा, नंदलाल कुशवाहा, दुर्गा राज, राकेश रंजन उर्फ पुतुल, राधे कृष्ण, मनीष कुमार, विभु जैन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे। बंद को भाजपा और कैट सहित विभिन्न संगठनों का भी समर्थन मिला था।

### बंद के समर्थन में सड़क पर उतरी भाजपा, बंद करायी दुकानें

आभूषण कारोबारी की हत्या के खिलाफ व्यवसायी संघर्ष मोर्चा के आरा बंद के समर्थन में भाजपा की नगर इकाई भी रविवार को सड़क पर उतरी। नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता ने पूरे शहर में प्रदर्शन किया। सुबह ही गोपाली चौक पर एकत्रित हो कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूमकर दुकानों को बंद कराया गया। व्यवसायियों के तरफ से सभी व्यवसायियों ने अपनी प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखा। जिला प्रशासन से अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल के तहत मुकदमा चलाने, व्यवसायियों की सुरक्षा, शस्त्र लाइसेंस की मांग रखी गई। बंद को सफल बनाने में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुर्वेदी, प्रेम पंकज ललन, नवीन प्रकाश, सुशील कुमार मिश्र, सुगम सहाय, उमाशंकर सिंह उर्फ मिठाई लाल सहित अन्य शामिल थे।

### माले ने निकाला प्रतिरोध मार्च निकाला

**आरा।** इस कड़ी में भाकपा माले की ओर से प्रतिरोध मार्च निकाला गया। श्रीटोला स्थित कार्यालय से निकला मार्च शहर के विभिन्न मार्गो से होते गोपाली चौक पर पहुंच सभा में बदल गया। मौके पर माले कार्यकताओं ने बढ़ते भाजपा संरक्षित अपराध पर रोक लगाने, स्वर्ण व्यवसायी हरी जी गुप्ता के हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार करने, उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने, स्पीडी ट्रायल चलाकर आरोपितों? को कड़ी सजा देने, मृतक के परिजनों को आत्मरक्षार्थ हथियार देने की मांग की गयी। सभा की अध्यक्षता नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया। केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव, राज्य कमेटी विजय ओझा, इंनौस राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन, जिला कमेटी सदस्य गोपाल प्रसाद, अधिवक्ता अमित कुमार बंटी, इंनौस जिला अध्यक्ष निरंजन केसरी, इंनौस जिला सचिव पप्पू कुमार राम, आइसा जिला सचिव विकास कुमार, जिलाध्यक्ष सुशील यादव, दीनानाथ सिंह आदि शामिल थे।

# आभूषण कारोबारी हत्याकांड : गुजरात के राजकोट से पकड़ा गया दूसरा आरोपित

## गिरफ्तार आरोपित को लाने के लिए गुजरात रवाना हुई भोजपुर पुलिस की टीम

- मुख्य आरोपित सहित अन्य की तलाश तेज, दूसरे राज्यों में भी चल रही छापेमारी






**केटी न्यूज/आरा**

शहर के आभूषण कारोबारी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता के अपहरण और हत्याकांड में दूसरा आरोपित भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। वह नगर थाना के अहिरपुरवा निवासी राजेंद्र यादव का पुत्र रविरंजन यादव है। रविवार की सुबह उसे गुजरात के राजकोट से पकड़ा गया। उसे आरा लाने की तैयारी की जा रही है। उसे लेकर भोजपुर पुलिस की एक टीम राजकोट चली गयी है।

गुजरात पुलिस के समक्ष उसने पूछताछ में अपहरण व हत्याकांड में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। इस मामले में पूर्व में आरा में गिरफ्तार रितेश कुमार द्वारा भी फोटोग्राफ के आधार पर उसकी पहचान की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि दो नंबर की शाम अपहरण की सूचना के बाद ही एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में अलग-अलग पांच टीम बनाकर व्यवसायी की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी शुरू कर दी गयी थी। उस क्रम में पहले रौजा मोहल्ला निवासी रितेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद रविवार की सुबह रविरंजन यादव को गुजरात पुलिस की मदद से राजकोट से गिरफ्तार किया गया। टीम में नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, नवादा थाना इंचार्ज अविनाश कुमार सिंह, डीआइयू इंचार्ज शंभू भगत, महिला थानाध्यक्ष नीतू प्रिया, नगर थाने के दारोगा अविनाश कुमार, डीआईयू के दारोगा अवधेश कुमार, संजय कुमार सिन्हा और कुमार रजनीकांत शामिल हैं।

### तकनीकी जांच व पूछताछ के आधार पर आरोपितों तक पहुंची पुलिस

व्यवसायी के अपहरण और हत्याकांड की छानबीन में जुटी पुलिस तकनीकी जांच और पूछताछ के आधार पर आरोपितों तक पहुंचने में सफल रही। उसी आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि अपहरण की घटना के बाद टीम बना कर अनुसंधान शुरू की गयी। उसमें तकनीकी व वैज्ञानिक जांच की भी मदद ली गयी?। संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गयी। उस आधार पर रितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ और जांच के बाद घटना में इस्तेमाल कार भी बक्सर से बरामद कर ली गयी। उसके बाद पूरा मामला खुलता चला गया। उसी क्रम में शनिवार को रानीसागर? के पास फोरलेन पर पुलिया के नीचे नाले से शव बरामद कर लिया गया। बता दें कि दो नवंबर की शाम महाजन टोली नंबर एक निवासी आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता किराया वसूलने बलुआही मार्केट गये थे। वहां किराये को लेकर विवाद के बाद मारपीट करने उनको अगवा कर लिया गया था।

### मुख्य आरोपित की तलाश में बक्सर से दिल्ली तक छापा

आरापटना के बड़े आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता के अपहरण और हत्या के मुख्य आरोपित अमर कुमार सहित अन्य अभी भी फरार चल रहे हैं। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।

इस क्रम में पुलिस भोजपुर और आसपास के जिलों के साथ दूसरे राज्यों में भी छापेमारी कर रही है। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया अपने जिले सहित दूसरे राज्यों में भी मुख्य आरोपित अमर की तलाश की जा रही है। इस मामले में तीन-चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है।

इधर, सूत्रों के अनुसार आरोपी अमर कुमार के घटना के बाद बक्सर और यूपी के गाजीपुर रास्ते दिल्ली की ओर भाग जाने की चर्चा है।

कहा जा रहा है कि बक्सर में कार खड़ी करने के बाद वह ट्रेन से यूपी निकल गया था।

उस आधार पर पुलिस भी यूपी और दिल्ली सहित अन्य राज्यों में पीछा कर रही है।

### किसी भी कीमत पर नहीं बचेंगे हत्यारे : मीना सिंह

**आरा।** आभूषण व्यापारी सह अधिवक्ता डा. हरिजी गुप्ता का अपहरण कर हत्या किते जाने की सूचना पर पूर्व सांसद जदयू की वरिष्ठ नेत्री मीना सिंह उनके घर पहुंची।

उन्होंने व्यवसायी के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली और सांत्वना दिया। पूर्व सांसद ने कहा कि एसपी से बात कर अपराधियों की शीघ्र गिरफ़्तारी और स्पीडी ट्रायल चला कठोर सजा दिलवाने कराने का प्रयास करेंगी। कहा कि अपराधी चाहे सात समंदर पार चले जाएं, पर बच नहीं सकते।

उन्होंने परिजनों को हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिया। पूर्व सांसद के साथ जेडीयू नेता अशोक शर्मा, राजीव रंजन श्रीवास्तव, मुकुल सिंह, वैधनाथ सिंह, पुतुल गुप्ता और चंद्रभानु गुप्ता आदि थे।

### बक्सर भाया पटना गुजरात के राजकोट भाग गया रंजन

आभूषण कारोबारी अपहरण कर हत्या करने में आरोपित रविरंजन यादव उर्फ रंजन ट्रेन से राजकोट भाग गया था। पुलिस की पूछताछ में उसने इस बात को स्वीकार किया है। रंजन के अनुसार पुलिस से बचने को वह पटना से ट्रेन पकड़ गुजरात के राजकोट भाग गया। बताया जा रहा है कि रंजन व्यवसायी हरिजी गुप्ता को आरा से रानीसागर तक ले जाने में अमर कुमार और रितेश सहित अन्य के साथ था। बक्सर के बाद रितेश और रंजन सहित तीन आरा लौट गये थे। वहीं, आरा आने के साथ ही रितेश की गिरफ्तारी हो गयी। उसके बाद रंजन पुलिस से बचने के लिए पटना पहुंचा। उसके बाद वह ट्रेन से गुजरात के राजकोट चला गया?। लेकिन राजकोट पहुंचने के बाद ही पुलिस को उसका लोकेशन मिल गया और उसे गुजरात पुलिस की मदद से पकड़ लिया गया।

# रोहतास से अगवा कॉन्ट्रैक्टर भोजपुर से बरामद, हथियार के साथ एक गिरफ्तार

- हाथ-पैर बांध अमेहता गांव के खंडहरनुमा घर में रखा गया था कॉन्ट्रैक्टर
- बिक्रमगंज स्थिति प्रेमिका के घर से तीन नवंबर को किया गया था अगवा



**केटी न्यूज/आरा**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज से अगवा युवक को भोजपुर से सकुशल बरामद किया गया है। उसे रविवार को अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अमेहता गांव स्थित एक खंडहरनुमा मकान से बरामद किया गया। मौके से हथियार के साथ एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया गया है। अगवा युवक बघैला ओपी क्षेत्र के भलुआही गांव निवासी कामेश्वर पांडेय का पुत्र अमित पांडेय है। वहीं गिरफ्तार आरोपित अमेहता गांव निवासी जयराम बताया जा

**प्रेमिका से मिलने बिक्रमगंज आया था कॉन्ट्रैक्टर, तभी कर लिया गया अगवा:** इधर, पुलिस सूत्रों के अनुसार अमित पांडेय बिक्रमगंज की रहने वाली एक शादीशुदा युवती से प्रेम करता था। फेसबुक के जरिए करीब चार साल पहले दोनों संपर्क में आये थे। युवती का पति काफी उम्रदराज है। उस कारण दोनों में घनिष्ठता बढ़ गयी। दोनों अक्सर मिलने लगे थे। इस बीच तीन नवंबर को प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। तभी चार-पांच लोगों द्वारा अमित पांडेय को अगवा कर लिया गया। उसके बाद से उसे अमेहता गांव के एक मकान में रखा गया था। जयराम उसकी देखरेख कर रहा था। अमित पांडेय का हाथ-पैर बांध कर रखा जा रहा था। इसी बीच रविवार को ग्रामीणों ने किसी तरह देख लिया और भेद खुल गया। पुलिस की मानें तो घर मालिक का अमित पांडेय की कथित प्रेमिका से कनेक्शन रहा है। इसकी जांच की जा रही है।

**अगवा में प्रेमिका की भूमिका भी संदिग्ध, प्यार के नाम पर वसूली करने की आशंका:** वाराणसी में ठेकेदारी करने वाले अमित पांडेय को अगवा करने में उसकी प्रेमिका की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है। घटना के बाद वह अपना घर छोड़कर फरार हो गयी है। अमित और जयराम से पूछताछ के बाद पुलिस ने यह आशंका जता रही है। पुलिस की मानें तो अगवा करने के बाद अमित पांडेय से करीब 21 हजार रुपए वसूल भी किया गया है। अमित की ओर से पूछताछ में पुलिस को यह जानकारी भी दी है। पुलिस की मानें तो अमित पांडेय अक्सर कहा करता था कि वह काफी पैसा कमाता है। ऐसे में उसकी प्रेमिका की उसके पैसे पर नजर लगी थी। वह प्यार के नाम पर उससे पैसे ऐंठने का प्रयास कर रही थी। उस कारण उसने तीन नवंबर को अमित पांडेय को अपने घर बुलाया। उसके बाद अमित को अगवा कर लिया गया। एसडीपीओ राहुल सिंह के अनुसार इस एंगल से भी मामले की जांच की जा रही है। अगवा अमित पांडेय से एटीएम के जरिए कुछ पैसे की वसूली की गयी है। ऐसे में ऐसी आशंका है। हालांकि मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी व अमित पांडेय की प्रेमिका के पकड़े जाने के बाद ही मामला क्लीयर हो सकेगा। अमित पांडेय फिलहाल यूपी के वाराणसी में ठेकेदारी का काम करता है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर घटना की पूरी जानकारी लेने में जुटी है। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग और युवक से पैसे वसूलना बताया जा रहा है। घटना में चार-पांच लोगों की संलिप्तता सामने आयी है। जानकारी के अनुसार अमित पांडेय को तीन नवंबर को ही बिक्रमगंज से अगवा किया गया था।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूल के गार्ड की मौत

**केटी न्यूज/आरा**



शहर में आरा-पटना हाईवे पर नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के समीप शनिवार की शाम सड़क हादसे में एक प्राइवेट स्कूल के गार्ड की मौत हो गयी। ड्यूटी करने स्कूल जाने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनको रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी गार्ड की इलाज के दौरान शहर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी।? मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के पोसवां गांव निवासी पूरन सिंह के 46 वर्षीय पुत्र रूपेश सिंह थे। वह धनुपरा स्थित एक प्राइवेट स्कूल में गार्ड थे। उनके चचेरे भाई बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रोज की तरह शनिवार की शाम वह अपने गांव पोसवां से ड्यूटी करने आरा आये थे। उस दौरान वह धनुपरा गांव के समीप ऑटो से उतरे और सड़क किनारे जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि उन्हें पटना नहीं ले जाकर उनका इलाज शहर के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उसके बाद उनके शव को सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि गार्ड अपने तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी शांति देवी, तीन पुत्री सोनी कुमारी, प्रिया कुमारी,जुली कुमारी, पुत्र सोनू कुमार और विवेक कुमार है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी शांति देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# नशे ने धुत बेटे ने माता-पिता पर चाकू से किया जानलेवा हमला, इलाजरत

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के दरीहट थाना क्षेत्र के मौडीहा गांव में शनिवार देर शाम एक कलयुगी बेटे सोनू शाह ने नशे की हालत में अपने ही माता.पिता को चाकू मार घायल कर दिया। बताते हैं कि बेटे ने अपने पिता रामनिवास 45 वर्ष एवं मां नीलम देवी 42 वर्ष को धारदार चाकू से गोद बुरी तरह घायल कर दिया। बताते हैं कि सोनू का अपने मां-बाप से विवाद हुआ। इसके बाद उसने पहले अपने पिता के गर्दन, नाक और बाद में दोनों हाथ में चाकू मार दिया। विरोध करने पर मां नीलम देवी के ललाट और नाक पर चाकू से वारकर दिया। इससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। मां-बाप के हल्ला करने एवं चिख-पुकार सुनकर गांव के लोग पहुंचे, तो उन्हें देख सोनू भाग गया।

इसके बाद परिजन बुजुर्ग दंपती को लेकर अस्पताल पहुंचे। अभी अस्पताल में दोनों पति-पत्नी का इलाज चल रहा है। दरिहट थाना के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मौडीहा गांव निवासी सोनू शाह 25 वर्ष नशे की हालत में अपने मां-बाप का जख्मी कर दिया है। दोनों का इलाज चल रहा है। हमलावर बेटे की तलाश की जा रही है। परिजनों ने बताया कि सोनू नशे का आदि है और पहले भी वह अपने मां- बाप के साथ मारपीट करता रहा है।

# सूबे में टीबी उन्मूलन अभियान में अब आमजनों का सहयोग होगा जरूरी

**केटी न्यूज/पटना**



बी वर्तमान में सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं में से एक है। भारत में टीबी के मामले विश्व में सबसे अधिक हैं। पूरे विश्व की तुलना में भारत में 27% टीबी के मरीज हैं। वहीं टीबी के कारण देश में प्रत्येक साल 4 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इस दिशा में मजबूत इच्छाशक्ति और संकल्प दिखाते हुए वर्ष 2025 तक टीबी से मुक्त करने के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की है, जिसे वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले ही राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत प्राप्त करने का लक्ष्य है। टीबी रोगियों की प्रभावी पहचान के लिए राज्य भर में करीब 70 सीवी-नेट मशीन एवं अब 37 ट्रू-नेट मशीन हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कॉलेज तक टीबी रोगियों की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन को बढ़ाने के लिए किसी आम व्यक्ति, निजी अस्पतालों एवं प्रैक्टिसनर को टीबी रोगियों की जानकारी देने पर 500 रुपये एवं उनकी दवाओं के कोर्स खत्म होने पर पुनः 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। साथ ही, एमडीआर-टीबी के नोटिफिकेशन में 1500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। वहीं, टीबी रोगियों को उनके इलाज के दौरान बेहतर पोषण के लिए प्रति माह 500 रुपये की धनराशि भी दी जा रही है।

**आमजन के सहयोग से टीबी उन्मूलन अभियान को मिलेगी गति :** मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी को मात दे चुकी एवं अब टीबी चैंपियन के रूप में कार्यरत टीबी मुक्त वाहिनी की सदस्य सोनू कुमारी बताती हैं कि टीबी रोग की पीड़ा उससे ग्रसित व्यक्ति ही समझ सकता है। सोनू ने बताया कि ड्रग रेसिस्टेंट टीबी से वे अपनी पति को खो चुकी हैं और खुद भी इससे ग्रसित थीं। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा पर भरोसा कर अपना उपचार कराया और अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक टीबी रोगियों की पहचान एवं उनके इलाज में सभी का सहयोग टीबी उन्मूलन का मूलमंत्र है। इसके लिए टीबी चैंपियन के अलावा आमजनों को भी अपने आस पास लक्षण वाले टीबी रोगियों पर नजर रखनी चाहिए एवं उन्हें तत्काल जांच कराने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

**निक्षय मित्र बन निभाएं अपनी जिम्मेदारी:** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गयी निक्षय मित्र योजना एक सार्थक एवं सकारात्मक पहल है, जिससे टीबी रोगियों की उपचार में सहायता मिलेगी एवं इलाजरत मरीजों के पोषण की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। इससे आमजन के साथ स्वयंसेवी संस्थाएं भी कदम बढ़ाकर टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं।

**हवा से फैलता है टीबी का रोगाणु :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने बताया, टीबी के रोगाणु वायु द्वारा फैलते हैं। जब फेफड़े का यक्ष्मा रोगी खांसता या छींकता है तो लाखों-करोड़ों की संख्या में टीबी के रोगाणु थूक के छोटे कणों (ड्राप्लेट्स) के रूप में वातावरण में फेंकता है। बलगम के छोटे-छोटे कण जब सांस के साथ स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाता और वह व्यक्ति टीबी रोग से ग्रसित हो जाता है।

## छोटी खबरें

### पत्नी का दवा लेने गये बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत

**आरा।** भोजपुर के गड़हनी बाजार स्थित हाई स्कूल के समीप रविवार की देर शाम सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा लाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के बराप गांव के रहने वाले 72 वर्षीय राम केश्वर पासवान थे। परिजनों ने बताया कि वह रविवार की देर शाम अपनी पत्नी के लिए दवा लेने गड़हनी बाजार गये थे। दवा लेकर वापस पैदल घर जा रहे थे। दौरान गड़हनी हाई स्कूल के समीप पीछे से आ रहे ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि उनके परिवार में पत्नी एतवारो देवी, पुत्री मीना देवी, सुशीला देवी और एक पुत्र बिंदा पासवान है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी एतवारो देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### सड़क हादसे में दो दोस्त जख्मी, एक पटना रेफर

**आरा।** आरा-बक्सर हाईवे पर गजराजगंज के कारीसाथ गांव के समीप रविवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसमें एक की हालत गंभीर बनी है। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। दूसरे दोस्त का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के रानी सागर गांव निवासी सत्येंद्र पासवान और मोती पासवान हैं। जख्मी मोती पासवान ने बताया कि दोनों रविवार की शाम बाइक से गीधा ओपी क्षेत्र के बीरमपुर गांव बकरी खरीदने आए थे। देर शाम में दोनों बकरी लेकर बाइक से वापस अपने गांव रानीसागर लौट रहे थे। तभी कारीसाथ गांव के समीप अचानक ब्रेकर आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। उससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### रोहतास में ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**सासाराम।** दिन दयाल उपाध्याय-गया रेल ट्रैक पर रविवार को डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिर कर महिला की मौत हो गई। घटना गंगौली गांव के पास घटी, काफी देर तक मलिा का शव रेल ट्रैक के बगल में पड़ा रहा। बाद में ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना जीआरपी डेहरी को दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए राजकीय रेल पुलिस, डेहरी के अवर निरीक्षक राम कृपाल तिवारी ने बताया कि मृतका की पहचान रमपा देवी, उम्र 24 वर्ष, पति जितेंद्र कुमार के रूप में की गई। वह सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम कोपा डीह के निवासी थी। बताते हैं कि वह अपने गांव से डेहरी अपने परिजनों के पास आ रही थी। मृतका के भसुर और गोतनी डेहरी में रहते है। जाने के क्रम पैसेंजर ट्रेन से अप लाइन में पोल संख्या 506 और 507 के बीच गिर गई।

## छोटी खबरें

### झाड़ी में छिपाकर बेच रहे थे शराब, दो गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने सुमित्रा कॉलेज रोड स्थित झाड़ी में छिपाकर बेचे जा रहे शराब को पकड़ने में सफलता पायी है। इस मामले में पुलिस ने डुमरांव के बड़का अंगना निवासी पंकज कुमार और अजमेर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने जब झाड़ी की तलाशी ली तो बोरे में छिपाकर रखे गये 130 पीस अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पकड़े गये दोनों धंधेबाजों से पूछताछ के बाद पुलिस ने छापेमारी शुरू की। वहीं दूसरी ओर एसडीएम आवास के समीप शराब के नशे में हंगामा करते एक शराबी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पकड़ा गया आरोपी छोटका सिंघनपुरा का रहने वाला संतोष ओझा बताया जाता है। आरोपी की मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**नावानगर।** सिकरौल पुलिस ने रविवार को बैकुंठपुर घाट से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही जुमार्ना की राशि निर्धारित करने के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजा है। सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि बैकुंठपुर घाट पर एक ट्रैक्टर अवैध रुप से बालू लादकर घाट से बाहर निकल रहा था। इसी समय गश्ती दल पहुंची, पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू खनन में जुटे कारोबारियों की पहचान की जा रही है।

### मारपीट के दस अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने रामनगर गांव के मारपीट के दस अभियुक्त को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। सोनवर्षा ओपी थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि शनिवार को रामनगर में गली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें दो लोग जख्मी हो गए थे। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए 19 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में एक पक्ष के मिथलेश पाल ने इरफान अली, रिजवान अली, राजू अली, कलीम पाली समेत 10 लोगों पर आरोप लगाया है। जबकि दूसरे पक्ष के रिजवान अली ने चंद्रदेव पाल, इंद्रदेव पाल, कपिल देव पाल समेत नौ लोगों पर जानबूझकर मारपीट करने का आरोप लगाया। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद 19 में से दस अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# अध्यात्म : बैंकुंठ चतुर्दशी को गंगा स्नान से होती है मोक्ष की प्राप्ति : गंगा पुत्र महाराज

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी में चल रहे श्रीलक्ष्मीनारयण महायज्ञ में रविवार को अपने प्रवचन के दौरान पूज्य श्री गंगा पुत्र जी महाराज ने कहा कि बैंकुंठ चतुर्दशी के दिन गंगा स्नान से मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्वामी जी महाराज ने शिव पुराण का उदाहरण देते हुए कहा कि शिव महापुराण के अनुसार भगवान नारायण चार महीने के शयन के बाद अक्षयनवमी को करवट बदलते है तथा देवोत्थान एकादशी को उनकी आंखे खुलती है। चार महीने जब तक भगवान नींद में रहते है तबतक देवाधिदेव महादेव सारे ब्रह्मांड की व्यवस्था को संभालते है। उन्होंने कहा बैकुंठ चतुर्दशी को गंगा स्नान के महत्व को बताते हुए कहा कि शिव महापुराण के अनुसार



प्रवचन सुनते श्रद्धालु व इनसेट में प्रवचन करते पूज्य गंगा पुत्र महाराज

एक बार भगवान शिव और माता पार्वती विंध्याचल पर्वत पर विचरण कर रहे थे।

इस दौरान माता एक शीले पर बैठ गई। तब भगवान शिव बोले चले देवी तो माता बोली नहीं थोड़ा विश्राम कर ले तब तक एक छोटी सी इली किट ने माता पार्वती से आग्रह किया की हमे मुक्ति प्रदान करें। माता ने कहा कैसे कीट बनी तो उसने कहा मैं पूर्व जन्म में हलुआई की पत्नी जो भी मिठाई बनता उसको अंगुली से चाट लेती जिसके दोष से चावल की कीट बनी। माता पार्वती ने कहा क्या तू कभी भगवान की पूजा, व्रत, उपवास नहीं की कहा कि तभी तो आप हमारी आवाज सुन पा रही है। तेरा पति घुन कैसे बना कहा जो भी मिठाई बनता उसमे से बिना भोग लगाए निकल के खा लेते जिसके दोष से घुन बनना पड़ा।

तब पार्वती ने कहा देखो कार्तिक की बैकुंठ चतुर्दशी को अगर तुम दोनों गंगा स्नान कर लोगी तुम्हारा उद्धार हो जाएगा। इली ने घुन से कहा चलो नहाने, लेकिन वो चावल खाने में रह गया। इली स्नान कर ली जिसके कारण अगले जन्म में राजा की पुत्री बन के आई और घुन, गदहा बना। इली का राज कुमार से विवाह हुआ और जब ससुराल जाने लगी तो पिता जी से गदहे को भी साथ भेजने के लिए कही राजा ने गदहे को भी सामान ढोने के लिए भेजा। फिर एक दिन ससुराल में गदहे से इली, राजकुमारी बोली कल बैकुंठ चतुर्दशी है गंगा नहा लो तुम्हारा भी उद्धार हो जाएगा।

- समापन की तरफ बढ़ा सिमरी का महायज्ञ, आज होगी पूणार्हूति व भंडारा

गदहा तो गदहा ही होता है फिर नहीं तैयार हुआ, राजकुमार ने अपनी पत्नी को गदहे से बात करते देखा कहा देवी आप गधे से बात करती है। तब उसने पूर्व जन्म के बारे में बताई और राजकुमार ने सारे राज्य के लोगों को कहा गंगा स्नान करके वस्त्रों को बिना निचोड़ इस गदहा पर अपने गीले वस्त्र ला कर निचोड़े। सबने वस्त्र के गंगा जल को निचोड़ा गदहे के ऊपर और गदहा का शरीर छूटा और दिव्य लोक को चला गया। इधर सिमरी में आकर्षण का केन्द्र बना यह महायज्ञ अब समापन की तरफ बढ़ रहा है। सोमवार को ही पूणार्हूति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रविवार को भी पूरे दिन महायज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालु पूज्य श्री गंगा पुत्र जी के प्रवचन के साथ ही देवकीनंदन जी महाराज के कथामृत का पान व रामलीला तथा रासलीला देखने देर रात तक उमड़े रहे। इस महायज्ञ के आयोजन से गांव का माहौल भक्तिमयन बन गया है। आयोजन समिति के डा हिमांशु पांडेय ने कहा कि पूणार्हूति के बाद आयोजित भंडारे में लाखों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# डुमरांव की मंडियों व सड़कों पर अतिक्रमण कारियों का बोलबाला, प्रशासन उदासीन

- अतिक्रमण के कारण अनुमंडल मुख्यालय में प्रभावित हो रही है व्यवसाय
- अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई नहीं करता है प्रशासन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अतिक्रमण का नजारा

एक तरफ जहां जिला मुख्यालय से लगातार अतिक्रमण को हटाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ डुमरांव शहर के मुख्य मंडियों के सड़कों पर अतिक्रमणकारियों का बोलबाला दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। सड़कों पर कब्जा कर दोनों तरफ दुकानें लगाने से सड़क संकीर्ण बन गयी है। नतीजतन बीस फीट चौड़ी सड़क आधी में सिमट कर रह गयी है। ऐसे हालत में वाहनों से जाम का नजारा बना रहता है। शादी विवाह के दिनों में बड़े व्यवसायी भी अपने दुकानों के आगे सामानों को रख कर बेफिक्र होकर अपना व्यवसाय करते है। बावजूद स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है। गोला रोड, चौक रोड, स्टेशन रोड, सफाखाना रोड की स्थिति और भी भयावह बन जाती है जब संकीर्ण सड़को पर ही सब्जी दुकान, फल दुकान और ठेला चालक अपना अधिपत्य जताते है। इन सड़कों पर दोपहिया वाहन से गुजरना भी मुश्किल बन जाता है। यह समस्या शहर के लिए नासूर बन गयी है। वाहनों के लंबे जाम से स्कूली बच्चों के वाहन सहित एम्बुलेंस जैसे अतिआवश्यक वाहन भी जाम को झेलते है।

हालांकि, स्थानीय नगर पर्षद प्रशासन ने इस समस्या से निदान के लिए कई बार अपना अभियान चलाया लेकिन लंबे समय गुजरने के बाद नप अपने कर्त्तव्य से पीछे हट गया। बताया जाता है कि नप प्रशासन अपने कर्मचारियों को शामिल कर धावा दल गठित किया था। इस गठित दल का कार्य सड़क पर कब्जा जमाये अतिक्रमणकारियों की पहचान कर जुमार्ना वसूली करना था, लेकिन अब तक यह दल सड़को पर नही उतर सका। ऐसी स्थिति में अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ गया है। मुख्य मंडी के सड़कों पर अतिक्रमणकारियों के कब्जे से महाजाम की स्थिति बन जाती है। दोनों तरफ दुकाने लगाने से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। इन सड़को पर वाहनों के संख्या में इजाफा होने से आये दिन जाम झेलना पड़ता है। स्थिति इस कदर बन जाती है कि पैदल गुजरने वाले राहगीरों को भी घंटो इंतजार करना पड़ता है। स्टेशन रोड, गोला रोड, राजगोला गेट, शहीद गेट, चौक रोड, जंगल बाजार के सड़को पर अतिक्रमणकारियों का बोलबाला बना है।

### हर रोज लगती है बोली

फुटपाथों पर लगे दुकानों से स्थायी दुकानदारों को अच्छी कमाई होती है। बड़े दुकानदार अपने दुकानों के आगे फुटपाथ के जगहों पर फल, सब्जी, किराना, पारचुन, खिलौने आदि की दुकानें लगाने के एवज में हर दिन नगद राशि की वसूली करते है। नप प्रशासन ऐसे दुकानदारों को चिन्हित करने के लिए धावा दल का गठन किया था। ऐसे दुकानदार जो अतिक्रमण कराकर यातायात प्रभावित करते है उन पर नप द्वारा 500 रुपये की दर से जुमार्ना वसूले जाने का प्रावधान बनाया गया है।

### हटाया जायेगा अतिक्रमण

इस संबंध में एसडीएम कुमार पंकज ने कहा कि सड़कों पर अवैध कब्जा करना गैरकानूनी है। इस संबंध में नगर परिषद को निर्देश दिया जायेगा। सड़क किनारे जमे अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसा जायेगा और सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी।

# भैंस चुरा पिकअप से लेकर भाग रहे थे चोर, वाहन पलटने से एक की मौत

- दावथ थाना क्षेत्र से रात में चुराए थे तीन भैंस
- नावानगर थाना क्षेत्र में दुर्घटना ग्रस्त हो गया भैंस लदी पिकअप

**केटी न्यूज/नावानगर**

रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र के जोगिनी गांव से तीन भैंस को चुरा उसे पिकअप वाहन से लेकर भाग रहे चोरों की किस्मत ने दगा दे दिया है। नावानगर थाना क्षेत्र के केसठ भट्ठा पुल के पास वाहन पलटने से खलासी की मौत हो गई है। जबकि वाहन चालक समेत अन्य चोर फरार हो गए है। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जें मे लो पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया है। जबकि भैंसों के कान में लगे ईयर टैग के माध्यम से



फोटो : घटना स्थल पर उमड़ी भीड़

पशुपालक को भी उनकी भैंस बरामद होने की जानकारी दी गई है। मृतक झुन्नु नट बिहिया थाना क्षेत्र के बनाही गांव का रहने वाला है। फिलहाल पिकअप चालक की पहचान नहीं की जा सकी है। घटना रविवार की अहले सुबह की है। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से पिकअप को सीधा किया। जिसके बाद पिकअप में दबे मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेजा गया। इधर चोरी गई मवेशी के पशुपालक भी पहुंचकर अपनी मवेशी की पहचान कर लिए है। बताया जाता है कि नहर मार्ग पर केसठ गांव के युवा दौड़ की प्रैक्टिस कर रहे थे। तभी उनकी नजर नहर में पलटी पीकअप पर पड़ी। जिसके बाद युवाओं ने इसकी सूचना गांव वालों के साथ पुलिस को दिया। इस संबंध थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि केसठ भट्ठा पुल के पास पिकअप पलटने से एक युवक की मौत हो गई है। शव की पहचान कर लिया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। साथ ही, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बक्सर भेज दिया गया है। बताया जाता है कि शनिवार की रात मृतक एवं उसके सहयोगी रोहतास के दावथ थाना क्षेत्र के जोगनी गांव से यमुना पासवान की तीन दुधारु मवेशी भैंस चुराकर पिकअप के माध्यम केसठ नहर मार्ग से चौगाई की तरफ लेकर भाग रहे थे। पर रास्ते में केसठ भट्ठा के पास पिकअप पलट गई। जिससे मवेशी चोरी का भंडाफोड़ हो गया।

# अखिल भारतीय ग्राम सेवा संस्थान ने डुमरांव में खोले दो बाल कल्याण शिक्षण केन्द्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को अखिल भारतीय ग्राम सेवा संस्थान ने डुमरांव चौक रोड स्थित अयोध्या सिंह की गली तथा व शहीद गेट मोहल्लें में एक-एक बाल कल्याण शिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया है। इन केन्द्रों पर क्रमशः दिव्य ज्योति व ज्योति कुमारी का चयन बच्चों को पढ़ाने के लिए किया गया है। इस संबध में जानकारी देते हुए संस्था के मनोज केशरी ने बताया कि गरीब तथा निर्धन लोगों को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान तथा समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का मानवीय प्रयास यह संस्था कर रही है। संस्था द्वारा आंगनबाड़ी के तर्ज पर नौनिहालों को शिक्षा देने के लिए जिले के सभी पंचायतों में बाल कल्याण शिक्षा केन्द्र खोला जाएगा। इसके अलावे संस्था द्वारा गरीबों का कल्याण कार्ड बनया जाता है। जिसके माध्यम से उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, मातृत्व लाभ योजना, गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ लाभ के साथ ही सामाजिक



फिता काट केन्द्र का उद्घाटन करती अतिथि

सुरक्षा पेंशनों का लाभ दिलवाने तथा बाल शिक्षण केन्द्र खोलने का काम किया जा रहा है। इसके पहले संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष चंचल मिश्रा तथा डुमरांव प्रखंड समन्वसयक सरोज देवी ने संयुक्त रूप से फिता काट दोनों केन्द्रों का विधिवत उद्घाटन किया।

जबकि संस्था प्रमुख अरूण पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा देशभर में यह प्रयास चलाया जा रहा है। ताकी सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े लोग समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सके। उद्घाटन के मौके पर राज्य समन्वयक केके पांडेय, चंद्रशेखर भारती, कार्यालय समन्वयक राकेश मिश्र, पवन समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### डुमरांव की धरती संगीत और कई कलाओं से परिपूर्ण : वर्तिका झा

**डुमरांव।** कई टीवी चौनलों की रियलिटी शो की विजेता और मशहूर डांसर, कोरियोग्राफर तथा अभिनेत्री वर्तिका झा रविवार को डुमरांव पहुंची। शहर के राजगढ़ स्थित मार्बल हॉल में रॉयल डांस एकेडमी द्वारा आयोजित एक दिवसीय डांस वर्कशॉप में वर्तिका ने सैकड़ों बच्चों को वर्कशॉप के माध्यम से अपनी अनूठी नृत्य शैली पॉपिंग, हिप हॉप व बेली डांस सिखाया। वर्तिका ने डुमरांव के मिट्टी की खुशबू की पहचान कर कहा कि यहां की धरती संगीत और कई कलाओं से परिपूर्ण है। एकेडमी के डायरेक्टर हनी हसनैन व ब्लैक बॉक्स ग्रुप के अनुराग सिन्हा ने वर्तिका झा को बुलाकर बेहतर ट्रेनिंग दिलवाई। वर्तिका ने बताया कि मैं छोटे शहर से हूं इसका मतलब ये नहीं कि मैं बड़े सपने न देख सकूं। मुझे डुमरांव में डांस वर्कशॉप देकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां की धरती संगीत और अन्य कलाओं के लिए अपनी अमित छाप बनायी है। अपनी प्रतिभा के बदौलत यहां के दर्जनों बच्चों ने डांस के क्षेत्र में उड़ान भरकर देश में परचम लहरा रहे हैं। ये मेरे सोच से भी ज्यादा क्रिएटिव दिखे मैं धन्यवाद करना चाहूंगी कि मुझे यहां बुलाया। जिससे इन बच्चों को ट्रेनिंग देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनुराग मिश्रा ने किया। आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### धान की कटनी के बाद अवेशेषों को जलाएं नहीं उसे मिट्टी में दबा दें

**डुमरांव।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय में रविवार को प्रखंड स्तरीय रबी महोत्सव सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन स्थानीय विधायक डा अजित कुशवाहा ने फिता काटकर किया। इस दौरान किसानों को रबी फसलों की बुआई, उर्वरक प्रबंधन, फसलों के नवीनतम प्रजातियों की जानकारी के देने के साथ ही विशेष रूप से फसल अवशेष (पराली) प्रबंधन की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि धान की कटनी के बाद उसके अवशेष को जलाना नहीं है, ताकी वह सड़कर जैविक उर्वरक बन जाए। कृषि वैज्ञानिकों तथा पदाधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती पर बल देने के लिए प्रेरित किया। वहीं, विधायक अजित कुशवाहा ने भी किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हमारा पर्यावरण लगातार दूषित हो रहा है। इसे बचाने के लिए जरूरी है कि हम फसल अवशेष प्रबंधन पर ध्यान दे तथा रसायनिक खादों के बदले जैविक खादों का उपयोग करें। महोत्सव के दौरान इस वर्ष विभिन्न तरह की खेती में बेहतर करने वाले पांच किसानों को सम्मानित भी किया गया। जिन किसानों को सम्मानित किया गया है उसमें मशरूम उत्पादन के लिए नंदन के सुनील साक्षी को, फुलगोभी उत्पादन के लिए करूअज के कृष्णा सिंह व नया भोजपुर के विमलेश यादव, काला चावल प्रजाति के लिए नोनियापुर के बिनोद प्रसाद तथा बासमती चावल के लिए छतनवार के लल्लू सिंह शामिल है। इन्हें अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शेखर कुमार व आत्मा के उप परियोजना निदेशक बेबी कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल दिया गया। महोत्सव में केवीके बक्सर के वरीय वैज्ञानिक हरि गोबिंद प्रसाद, डुमरांव बीडीओ संतोष कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी गोपाल प्रसाद, कृषि समन्वयक राजीव रंजन, विजय सिंह, मृत्युंजय मिश्र, अरूण कुमार चतुवेर्दी, राजेश्वर प्रसाद, श्याम जी यादव समेत सभी किसान सलाहकार व प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

### मोकामा उपचुनाव में नीलम देवी की ऐतिहासिक जीत पर दी गई बधाई

**डुमरांव।** रविवार को राष्ट्रीय जन जन पार्टी का जनसेवक सम्मेलन सह जिला समिति विस्तार कार्यक्रम का आयोजन बक्सर जिला अध्यक्ष रमेश पांडेय के अध्यक्षता में ग्रीन बेल पब्लिक स्कूल, छोटका ढकाईच, बक्सर में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार उपस्थित रहे। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आशुतोष कुमार ने मोकामा उपचुनाव में नीलम देवी की ऐतिहासिक जीत पर बधाई दिया और मोकामा के जनसेवकों की सराहना की विदित। प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार टुन्ना ने सभा को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष के संकल्प को दुहराया। मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेनका रमन, पुष्कर नायरन सिंह एवं पूर्वांचल भूमिहार ब्राह्मण सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वैभव शंकर ठाकुर ने भी संबोधित किया। पार्टी में युवा जिलाध्यक्ष की जिमेदारी रोहित सिंह को जिला उपाध्यक्ष भगवान पांडेय, जिला प्रधान महासचिव सुमंत राय को दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार मिश्र, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अंकित चंद्रयान, राष्ट्रीय सचिव सोनू शंकर, राष्ट्रीय विस्तारक राकेश कुमार पवन, समाजसेवी मैनेजर ठाकुर, मनु राय, प्रदेश सचिव अमित राय, प्रदेश सचिव जय शंकर सिंह, ग्रीन वेल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मोहित प्रधान समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कोरानसराय में चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**डुमरांव।** रविवार को कोरान सराय हाई स्कूल में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के चर्चित मानसिक एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप चौरसिया और उनकी समस्त टीम ने विभिन्न प्रकार के मरीजों की जांच करते हुए उन्हें उचित परामर्श और निःशुल्क दवा का वितरण किया। इस शिवीर में डॉ. प्रदीप चौरसिया के साथ संजय सिंह, रिंकू सिंह, सुजित सिंह, सत्यम सिंह, मयंक सिंह, एवं रितुराज सिंह उपस्थित रहे। शिविर का उद्घाटन संयुक्त रूप से पंचायत के मुखिया एवं डा चौरसिया ने फीता काटकर तथा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पूणानंद मिश्र ने किया। निःशुल्क स्वास्थ शिवीर के मुख्य आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सिंह, संतोष सिंह, प्रमोद सिंह, एवं गुलाब सिंह थे। मौक पर बीडीसी सरोज गोंड, पूर्व प्रमुख शक्ति पासवान, सहित सैकड़ो ग्रामिण उपस्थित थे।







## छोटी खबरें

### एलजी मनोज सिन्हा ने गुलाम कादिर से की मुलाकात

**गाजीपुर।** मानवीय मूल्यों का सही मुल्यांकन सामाजिक जीवन से जुड़कर कार्य करने वाला व्यक्तित्व ही कर सकता है। उसे एक बार पुनः चरितार्थ किया जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने। अपने पैतक गांव मोहनपुरा जाते समय श्री सिन्हा ने लोकसभा- 2019 चुनाव के दौरान भाजपा से जुड़े और वर्तमान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुलाम कादिर राईनी के घर औपचारिक मुलाकात के लिए रविवार को सुबह पहुंचे। मौके पर पूर्व मंत्री विजय मिश्र, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सुनील सिंह, अर्जुन सेठ, नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, गिरधारी जायवाल, विनोद कुशवाहा, भाजपा मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा आदि उपिस्थत रहे। इससे पहले नगर के सिकंदरपुर में आवास पर श्री सिन्हा मिलने वालों का तांता लगा रहा।

### गबन की आरोपी पूर्व प्रधान गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जिले में करंडा पुलिस ने पच्चीस हजार की इनामिया गबन की आरोपी पूर्व प्रधान सावित्री देवी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला ग्राम प्रधान पिछले 2 साल से फरार चल रही थी और कुर्की होने के बावजूद न ही गिरफ्तार हो पाई थी और न ही कोर्ट में हाजिर हो पाई, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। 2015-20 में करंडा के गोशंदेपुर की प्रधान रही सावित्री देवी पर उनके कार्यकाल के आखिरी समय दिसम्बर 2020 में ही 83 लाख रुपये से भी अधिक के गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के कुछ दिन बाद ही सावित्री फरार हो गयी थीं। पुलिस ने गिरफ्तारी का बहुत प्रयास किया लेकिन पुलिस की पकड़ से बाहर रही। उसके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई भी हुई लेकिन पूर्व प्रधान सावित्री को न तो पुलिस ही पकड़ सकी और न ही उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। उसी दौरान प्रशासन ने उसपर पच्चीस हजार का इनाम भी घोषित कर दिया गया, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचती रही।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या के आशंका

**गाजीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र बिरनो के अंतर्गत ग्राम मधुबन में शनिवार की रात्रि में मऊ हरदासपुर निवासी अमित पुत्र राम केवल 35 वर्ष की संदिग्ध अवस्था मे मृत्यु हो गई। परिजनों ने रविवार को बिरनो थाने में तहरीर देकर हत्या की आशंका व्यक्त की। कार्रवाई की मांग करते हुए परिजनों ने सड़क पर शव को रखकर घंटो जाम किया। घंटों पंचायत के बाद व कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने देर शाम शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है।



कार्यक्रम से पहले परिचय प्राप्त करते मुख्यमंत्री



मूर्ति का अनावरण करते सीएम व अन्य



अनावरण के बाद मौजूद सीएम व अन्य मंत्री

# पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने देश में बलिया को दी नई पहचान : आदित्यदाथ योगी

- यूपी के मुख्यमंत्री ने बलिया में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा का किया अनावरण
- कहा-बलिया में जमीन मिल गई होती तो बन गया होता मेडिकल कॉलेज
- अब वैश्विक बाजार में पहुंचेगी बलिया की सब्जी

**केटी न्यूज/बलिया**



मूर्ति के अनावरण के बाद पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी

बलिया को देश और दुनिया को पहचान दिलाने वाले चंद्रशेखर की प्रतिमा का अनावरण करने का मुझे अवसर मिला है, इसके लिए मैं सौभाग्यशाली हूं। उन्होंने हमेशा मूल्यों की राजनीति की। उन्हें हर व्यक्ति की परख थी। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक उनके प्रशसंक मिलेंगे। जब देश में लोकतंत्र को रौंदने का प्रयास हुआ तो चंद्रशेखर जी मुखर हुए थे। स्वदेशी आंदोलन में वह लोकप्रिय हो गए थे। उनके खिलाफ कोई अभद्र टिप्पणी नहीं करता था। सब उनका सम्मान करते थे, उक्त बातें रविवार को चंद्रशेखर उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर की प्रतिमा का अनावरण करने के उपरांत पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कही।

उन्होंने कहा कि उनकी मूर्ति आजमगढ़ में बनायी गयी है। बहुत अच्छी प्रतिमा बनी है, इसमें कलाकार के हाथ की सफाई भी दिखाई पड़ेगी। चंद्रशेखर ने लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में बड़ी भूमिका प्रदान की है। आज भारत वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।

बलिया अभी तक बागी स्वभाव के लिए जाना जाता था। अब यहां की सब्जी दुनिया के बाजार में बिकने के लिए जाएगा। यहां के किसानों को सब्जी का अच्छा दाम मिलेगा। कई बार सब्जी खराब हो जाती है, अब वही सब्जी प्रोसेसिंग के जरिये पानी के जहाज के माध्यम से वैश्विक बाजार तक जाएगा। यहां मल्टीमॉडल हब बनाया जा सकता है, क्योंकि यह जिला सरयू और गंगा के मध्य बसा है। कृषि उत्पादक संगठनों को बधाई देता हूं। आज पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क और कृषि से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकर्पण हुआ है। यह जिला बिहार के बॉर्डर पर बसा है। यहां असीमित ऊर्जा है, किसानों की आमदनी बढ़ाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि इनलैंड वाटरवेज को विकसित किया जाएगा, क्योंकि यह बनारस-कोलकाता जलमार्ग का मुख्य केंद्र बन सकता है।

निर्यात को बढ़ावा दिया जा सकता है। पर्यटन हमारे यहां बड़ा माध्यम है। काशी विश्वनाथ में दर्शन के लिए एक करोड़ लोग आए थे, इससे हर तबके को रोजगार मिला है। भृगु कॉरिडोर का प्रस्ताव जिला प्रशासन बनाए। इब्राहिमपट्टी के अस्पताल में सुविधाएं बढ़ा दी जाएं। जिले में मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाए। हम प्रदेश में 35 मेडिकल कॉलेज बना रहे हैं। बलिया में जमीन मिल गई होती तो यहां भी कॉलेज बन गया होता। प्रोजेक्ट को जल्द धरातल पर उतारा जाए।

### भृगु कॉरिडोर व मेडिकल कालेज के शीघ्र भेजा जाए प्रस्ताव

**बलिया।** मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले दिनों बलिया आगमन के दौरान भी हमने कहा था कि पर्यटन के क्षेत्र में यहां विकास की अपार संभावनाएं है। भृगु बाबा कॉरिडोर के लिए जिला प्रशासन से प्रस्ताव बनाकर भेजने की अपेक्षा की। चंद्रशेखर के गांव इब्राहिमपट्टी में बने अस्पताल को बेहतर ढंग से संचालित करने की दिशा में कदम बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि यहां मेडिकल कालेज के लिए जमीन उपलब्धता के बाद प्रस्ताव भेजा जाए। जनप्रतिनिधियों संग बैठक कर शीर्ष प्रथनिकता पर इस कार्य को लिया जाए।

स्पष्ट कहा कि अगर समय पर जमीन मिल गयी होती तो बलिया में भी अब तक मेडिकल कालेज चल रहा होता।

### दयाशंकर सिंह का एक बार फिर मेडिकल कालेज पर फोकस

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने एक बार मेडिकल कालेज बनवाने के लिए तेजी से पहल करने की मांग की। साथ ही काशी विश्वनाथ और विंध्य कॉरिडोर की तर्ज पर बलिया में भृगु कॉरिडोर का निर्माण की मांग की।

उन्होंने कहा कि बलिया के विकास के लिए मुख्य सचिव को यहां लेकर आने से लेकर हरसम्भव प्रयास मुख्यमंत्री जी ने किया। अब तक जितना मांगा गया, उससे अधिक मुख्यमंत्री जी की ओर से बलिया को मिला।

एक्सप्रेस-वे के बनने से यहां से लखनऊ का रास्ता आसान हुआ और व्यापार के क्षेत्र में तेजी आई। अब ग्रीन फील्ड के बन जाने के बाद बलियावासियों को और सहूलियत मिल जाएगी।

### जल्द शुरू हो जाएगा निमार्णाधीन स्पोर्ट्स कॉलेज : नीरज

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र व राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने अपना बहुमूल्य समय देने के लिए मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमारे एक अनुरोध पर जिले में बन रहे स्पोर्ट्स कालेज का नाम पिता चंद्रशेखर के नाम पर हुआ। अब उस स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण की प्रगति बढाने और उसे शुरू करने की दिशा में तेजी से पहल हो, ताकि खेल के क्षेत्र में जिले की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिल सके।

उन्होंने कहा कि हमारे पैतृक गांव में वर्षों पहले बना अस्पताल शुरू नहीं हो रहा था। लेकिन, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के विशेष प्रयास से वह इसी महीने शुरू हो गया, जिसका लाभ आसपास के जिले के तमाम लोगों को मिल रहा है। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने मांग किया कि सुरहा ताल को जोड़ने वाला कटहल नाला, बैरिया क्षेत्र के भाखड़ नाला को विकसित करने के लिए अनुरोध किया। जनसभा को राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, विधायक केतकी सिंह, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, सीडीओ प्रवीण वर्मा सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### महिला स्वावलंबन की पहल सराहनीय

**बलिया।** निराश्रित महिलाओं को महिला स्वावलम्बन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि टूल किट देने के बाद इनके प्रशिक्षण व अन्य व्यवस्था को कर लिया जाए। मिल प्रोड्यूसर के साथ पोषण मिशन के साथ भी इनको जोड़ने पर बल दिया, ताकि पोषण से जुड़े कार्य पारदर्शी तरीके से हो सके। झांसी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने इस दिशा में सकारात्मक परिणाम दिखाया है। रेडीमेड गारमेंट्स के रोजगार में भी महिलाओं के लिए सम्भावनाएं हैं। इससे भी उनकी आमदनी को बढ़ाया जा सकता है।

### तीन किसानों को दिया भारत सरकार का पंजीयन प्रमाण पत्र

**बलिया।** मुख्यमंत्री ने जनपद में सब्जियों के निर्यात, जिसमें बलिया का मिर्चा लेकर दोहा कतर के लिए जाने वाले ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले कृषक संगठनों की सराहना की। मंच से इन संगठन के तीन किसानों को भारत सरकार का पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। कहा कि महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा में भी यह क्षेत्र मददगार साबित होगा।

## योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र लाभुकों को पहुंचाए लाभ : सीडीओ

- मुख्य विकास अधिकारी ने की 37 बिंदुओं पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बैठक में शामिल अधिकारी

मुख्य विकास अधिकारी प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित महत्वपूर्ण 37 बिन्दुओं पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने समस्त संबंधित विभागों से जुड़ी योजनाओं की माह प्रगति के बारे में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्धारित समय सीमा में विभागीय विकास परक योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर पात्र आम जन मानस को त्वरित गति से लाभ पहुंचाया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए।

उन्होने समस्त अधिकारियों को विद्युत के बकाया भुगतान के लिए अपने-अपने मुख्यालय पर पत्राचार करने का निर्देश दिया। नहरों की सील्ट सफाई कर टेल तक पानी पहुंचाने की कार्रवाई की बात कही। उन्होंने जनपद की खराब सड़कों को कार्ययोजना बनाकर आगामी 15 नवम्बर तक गड्ढामुक्त अभियान चलाते हुए शत-प्रतिशत सही कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद के प्रत्येक पात्र परिवार के व्यक्तियों का गोल्डेन कार्ड बनाते हुए इसमें तेजी लाने तथा जनपद के झोला छाप चिकित्सालयों पर टीम बनाकर जांच कर कार्रवाई की बात कही। निवेश मित्र एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का त्वरित गति से निस्तारण का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिकारियों को जनपद में जितने भी पुल एवं पुलिया है, उसका स्थलीय निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं का टीकाकरण एवं सहभागिता योजना में पात्र लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को जनपद में जितने भी सामुदायिक शौचालय पूर्ण हो चुके है। उसे संचालित कराते हुए उस पर समय का अंकन कराने तथा जितने भी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। उसमें ग्राम सचिवालय संचालित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की जीयो टैगिंग कराते हुए लाभार्थियों के खाते मे किश्त की रकम हस्तांतरित किया जाए।

## जिला पुलिस और स्वाट टीम ने किया बिरनो सीएससी लूटकांड का पदार्फाश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बिरनो थाने के सेनोबांध के पास के पास शनिवार की रात दोनों थाना पुलिस और स्वाट टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घायल सहित दो बदमाशों को दबोचते हुए कुछ दिन पहले बिरनो में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से हुए लूटकांड का पदार्फाश कर दिया। बदमाश के पास से लूट का एक लाख से अधिक नकदी के साथ असलहा-कारतूस आदि बरामद किया। पुलिस घायल को उपचार के लिए अस्पताल लाई।

दुल्लहपुर थाना पुलिस रात में करीब पौने दस बजे मलेठी मोड़ पर बैरिकेडिंग कर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह गाली देने के साथ ही पुलिस पर फायर कर भागने लगे। इस पर एसओ तत्काल कंट्रोल को सूचना देने के बाद टीम के साथ बदमाशों का पीछा करने लगे। सूचना मिलते ही बिरनो थाना क्षेत्र के जयरामपुर के पास चेकिंग कर रही बिरनो थाना पुलिस स्वाट टीम हरकत में आते हुए बिरनो-दुल्लहपुर मार्ग पर सेनोबांध के पास घेराबंदी की। जैसे ही बदमाश वहां पहुंचे और अपने आप को घिरा देखा तो पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे दोनों बदमाश बाइक सहित गिर पड़े। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। सूचना मिलते ही रात में ही पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस कर्मियों से मामले की जानकारी ली। घायल बदमाश अरविंद कुमार यादव को सीएचसी बिरनो में भर्ती कराया गया। एसपी ने बताया कि मऊ जिले के चिरैयाकोट निवासी घायल बदमाश अरविंद के पास से एक बाइक, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोका के साथ ही बैग 1 लाख 5 हजार नकदी, जबकि बिरनों थाना क्षेत्र के बिलावल भट्टी निवाली प्रिंस कुमार भारद्वाज के पास से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुआ।

## एक नजर

### कृष्ण सुदामा महाविद्यालय सादात के 247 छात्र-छात्राओं को मिला स्मार्टफोन



**गाजीपुर।** वर्तमान समय कम्प्यूटर और डिजिटल का है। यदि पठन-पाठन में डिजिटल का साथ मिल जाए तो युवाओं के करियर को नये पंख लग सकते हैं। इसी कारण प्रदेश सरकार की ओर से सूबे स्तर पर छात्र-छात्राओं में टैबलेट व स्मार्टफोन का वितरण कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार की इस सपने को साकार करने के लिए भाजपा नेता डॉ. विजय यादव ने भी बीड़ा उठा लिया है। गाजीपुर के सादात मरदापुर स्थित कृष्ण सुदामा महाविद्यालय में जखनियां तहसील के उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने 247 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया। उन्होंने स्मार्टफोन वितरित करके युवाओं के स्मार्ट भविष्य को लेकर एक पहल की है। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तक में सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जखनियां तहसील के उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव शामिल हुए। कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशन्स गाजीपुर व वाराणसी के चेयरमैन व प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. विजय यादव की ओर से वाइस चेयरमैन इंजी. धमेंद्र यादव , प्रशानिक अधिकारी डॉ. रामअवध यादव प्रचार्य जयराम यादव्र, प्राचार्य इंजी. दिलीप राठौर, हरिशंकर मिश्रा ने जखनियां उपजिलाधिकारी का माल्यापर्ण व स्मृति देकर समान व स्वागत किया। इस मौके पर अकरम, प्रचार्य जयराम यादव, इंजी. दिलीप राठौर, संतोष भारती, सुशील यादव, श्वेता पांडेय, रामभरोस यादव शुभम, दीपक, प्रदीप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### डेंगू की रोकथाम के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**गाजीपुर।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में प्रदेश में फैल रहे डेंगू तथा अन्य संक्रामक बीमारियां को लेकर सरजू पांडेय पार्क में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सदर तहसीलदार को सौंपा गया। इस मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि डेंगू सहित विभिन्न प्रकार के संक्रामक रोगों के इलाज की समुचित व्यवस्था कर आमजन को इन बीमारियों से निजात दिलाने में सरकार को समुचित कदम उठाना चाहिए। प्रदेश में जिस तरह से डेंगू का फैलाव हो रहा है, यह एक चिंता का विषय है। कांग्रेस इसके लिए प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित कर आमजन की सुरक्षा की मांग करती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. मारकंडेय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है, उसे ठीक करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। यदि सरकार का यही रवैया रहा, तो कांग्रेस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव जनक कुशवाहा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रविकांत राय, आशुतोष गुप्ता, ज्ञान प्रकाश सिंह, सतीश उपाध्याय, अध्यक्ष सुधांशु तिवारी, दिव्यांशु पांडेय, संजय गुप्ता, संजय सिंह, मुस्ताक अली, मोहन राम, शंभू कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, हरिओम दुबे, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# बलिया को मिलेगा आधुनिक डिपो वर्कशाला : परिवहन राज्य मंत्री

- मुख्यालय ने 351.86 लाख रुपये के प्रस्तावित बजट को प्रदान कर दी अनुमति
- टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू

**केटी न्यूज/बलिया**





उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जनपद बलिया का डिपो कार्यशाला जल जमाव से मुक्त हो। परिवहन मंत्री एवं उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में बलिया डिपो वर्कशाला के सुधार कार्य का आगणन क्षेत्रीय प्रबन्धक उप्र परिवहन निगम आजमगढ़ एवं अधिशासी अभियन्ता (पूर्व) द्वारा तैयार करके मुख्यालय अनुमति हेतु भेजा गया। मुख्यालय ने 351.86 लाख रुपये के इस प्रस्तावित बजट को अपनी अनुमति प्रदान कर दी है और इसके टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिससे कि जल्द से जल्द इस कार्यशाला का नवीनीकरण किया जा सके।

क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि बलिया जनपद से लगभग 30 किमी पर बलिया सिकन्दरपुर मार्ग पर मौजा जीरा मस्ती में परिवहन निगम की डिपो कार्यशाला स्थित है। उन्होंने बताया कि पानी निकलने के सारे मार्गों पर कार्यशाला के चारों तरफ कॉलोनी का निर्माण हो जाने के कारण जल जमाव की स्थिति बन जा रही है। जल बहाव का मार्ग अवरूद्ध हो जाने के कारण बरसात हो जाने पर पूरे कार्यशाला प्रांगण में दो-ढाई फीट पानी भर जाता है, जो काफी समय में सूखता है। जिसके कारण कार्यशाला का कार्य महीनों बाधित होता है। उन्होंने बताया कि बसों की नियमित चेकिंग न हो पाने से वाहनों को मार्ग पर पर भेजने में कठिनाई आती है, फलस्वरूप कार्यशाला कार्मिकों एवं जनता को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

क्षेत्रीय प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि वर्तमान में बलिया डिपो में 53 साधारण बसे, 03 जनरथ तथा 28 अनुबंधित बसें है। कार्यशाला के सामने सड़क के किनारे भी कोई नाली नहीं बनी है। ऐसी स्थिति में कार्यशाला प्रांगण को ऊंचा किया जाना एक मात्र उपाय है। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में वर्तमान जिलाध्यक्ष बीजेपी बलिया ने पत्र लिखकर माननीय मंत्री से अनुरोध किया था कि जलजमाव को देखते हुए शीघ्र अतिशीघ्र बलिया डिपो वर्कशाला का नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। जिसके पश्चात परिवहन मंत्री ने उक्त निर्देश दिए थे।

CMYK



# श्रीराममय हुआ बक्सर बनेगा विश्व कीर्तिमान

बक्सर की धरती पर पहली बार इतना विशाल भव्य और दिव्य आयोजन हो रहा है। प्रभु श्री राम की प्रथम कर्मभूमि को उसकी वास्तविक पहचान मिल रही है। श्री राम की प्रभु श्रीराम के रूप में जीवनयात्रा सिद्धाश्रम बक्सर से ही हुई थी शुरू.....







## भगवा रंग में रंगा भगवान श्रीराम की कर्म भूमी बक्सर चप्पे-चप्पे गूंजा मुझमें राम

### अहिरौली में सनातन संस्कृति समागम को लेकर कार्यक्रम

7 नवम्बर पूज्य श्री जीयर स्वामी जी का आगमन होगा। 7 नवम्बर को विश्व कीर्तिमान 250 फीट भगवान श्रीराम की प्रतिमा 11 लाख दीपक से संध्या 3 बजे से शाम 6 बजे तक बनेगा। 8 नवम्बर को धर्म सम्मेलन होगा। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत उपस्थित रहेंगे। 9 नवम्बर को लक्ष्मीनारायण यज्ञ की जलभरी होगी। पूज्य जीयर स्वामी जी के सानिध्य में यज्ञ प्रारम्भ होगा। 7 से 15 नवम्बर तक प्रतिदिन रामकथा पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी द्वारा अपराह्न 3 बजे से संध्या 6 बजे तक होगा। 9 से 15 नवंबर तक जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य द्वारा श्रीमद्भागवत कथा कहेंगे। जिसका समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे का होगा। 9 से 13 नवंबर तक विभिन्न विद्वानों द्वारा रामकथा ज्ञान पर चर्चा होगी। इसका आयोजन प्रज्ञा प्रवाह द्वारा प्रतिदिन 12 से 3 बजे अपराह्न होगा। 7 से 15 नवम्बर गंगा महाआरती वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध पंडितों द्वारा किया जाएगा।

### सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा होगी विशेष प्रस्तुति

**प्रतिदिन संध्या 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन**

7 नवम्बर- खेसारी लाल यादव, बालाजी विनायक, विष्णु ओझा
8 नवम्बर- कैलाश खेर, केके पंडित, कन्हैया पाठक
9 नवम्बर- अनुराधा पौडवाल, गोपाल राय
10 नवम्बर- दिनेश लाल यादव निरहुआ, जिया लाल ठाकुर, अजय सिंह गीतकार
11 नवम्बर- हंसराज रघुवंशी, देव कुमार सिंह
12 नवम्बर- मनोज तिवारी मृदुल व सुश्री मैथिली ठाकुर, भरत शर्मा व्यास, मुकुल सिंह
13 नवम्बर- शारदा सिन्हा, विशाल गगन
14 नवम्बर- पवन सिंह, देवी, अशोक मिश्रा
15 नवम्बर- रविकिशन सांसद सह अभिनेता व स्थानीय कलाकारों में जितेन्द्र श्रीधर, रोहित प्रधान, विनय मिश्रा

**केटी न्यूज/ बक्सर**

रविवार को भगवान श्रीराम की कर्मभूमि सिद्धाश्रम बक्सर राममय हो गई। सड़कों, गलियों में श्रीराम की गूंज से गुंजायमान हो उठी। श्रीराम कर्मभूमि न्यास के तत्वावधान में इसके साथ ही 9 दिवसीय सनातन संस्कृति समागम का शुभारंभ हो गया। स्थानीय सांसद सह समागम के संयोजक केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे शोभायात्रा को समागम स्थल माता अहिल्या धाम अहिरौली से निकलने के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु साथ हो चले। 500 से अधिक छोटी बड़ी गाड़ियों के साथ शोभायात्रा निकली। हर तरफ जय श्री राम के नारे लग रहे थे। श्रद्धालुओं ने फूल बरसा कर उत्साह बढ़ाया। बक्सर वासियों का उत्साह देखते बन रहा था। हर तरफ हर्षोउल्लास का माहौल था। शोभायात्रा यात्रा नगर

आदि में भ्रमण करते हुए वापस माता अहिल्या धाम अहिरौली पहुँची। 15 किलोमीटर की यात्रा चार घंटे में पूरी हुई। आगे आगे 5 रथों पर भगवान राम जी का परिवार, भगवान वामन, महर्षि विश्वामित्र व अन्य ऋषि मुनियों की झांकियां थी। जो आकर्षण का केंद्र था। श्रीराम

कर्मभूमि यात्रा रथ भी साथ साथ चल रही थी। वहीं केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि समागम बक्सर के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक महत्व को विश्व पटल पर लाने में अहम भूमिका निभाएगी। यह धर्म की नगरी है। भगवान के अवतार व कर्म की नगरी है। बक्सर की दिव्यता को बढ़ाने का बक्सर वासियों ने संकल्प ले लिया है। बक्सर प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में उभरेगा।



शहर में निकली शोभायात्रा की जुलूस

- दिव्य-भव्य शोभायात्रा से सनातन संस्कृति समागम की शुरूआत
- सैकड़ों गाड़ियों के साथ निकली शोभायात्रा
- 09 नवम्बर को जीयर स्वामी के सानिध्य में होगी जलभरी

### बक्सर के विकास में सबको होना चाहिए एकजूट : प्रदीप राय

जिले प्रमुख व्यवसायी सह आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय ने शोभायात्रा के बाद कहा कि युवाओं व बक्सर वासियों के उत्साह ने सभी को आज राममय बना दिया। श्री राम कर्मभूमि न्यास के तत्वाधान में सनातन संस्कृति समागम भारत ही नही बक्सर को विश्व में एक नई पहचान ही नही देगा विश्व कीर्तिमान भी रचेगा। बक्सर के उत्थान के लिए सभी लोगों को सारे भेद-भाव भुलाकर एक साथ आना चाहिए। अपनी मातृभूमी की सम्मान सबसे बड़ी सम्मान होती है। राय ने कहा कि वैसे तो भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या है और अंतिम रणभूमि श्री लंका है यह तो सभी जानते है।

### पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आज से यज्ञ का शुभारंभ

सोमवार से पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ का शुभारंभ होगा। पूज्य श्री जीयर स्वामी के सानिध्य में धर्मसंसद अंतर्राष्ट्रीय संत सम्मलेन का आयोजन 8 नवम्बर को होगा। इसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भगवत होंगे। 8 नवम्बर को विश्व प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर प्रस्तुति देंगे। इसके पूर्व 7 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा देव दिवाली के शुभ अवसर पर बक्सर इतिहास रचेगा। भगवान श्री राम की 11 लाख दीयों से पराक्रमी आकृति तैयार की जा रही है। इसके साथ ही 3 लाख दीये से विभिन्न गंगा घाटों को सजाया जाएगा। पद्मविभूषण जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज का आगमन सोमवार की सुबह होगा।















